दिनांक 05.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

पार्किंग व्यवस्था एवं बेसमेंट पर यातायात पुलिस एवं नगर निगम भिलाई द्वारा चलाया गया संयुक्त अभियान, काटा गया 11 हजार 500 का चालान

भिलाईनगर/ जिला प्रशासन के आदेश पर यातायात पुलिस एवं नगर निगम भिलाई द्वारा चलाया गया संयुक्त अभियान आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देश पर ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित करने चन्द्रा मौर्य चौक से अंडर ब्रिज तक दोनों साईड में खड़े ठेलें जो पार्किंग व्यवस्था को बाधित कर रहें थे हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी सभी को हटवाया गया । रोड में खड़ी मोटर सायकल, गाड़िया, विज्ञापन बोर्ड को हटाया गया । मौर्या टॉकिज के प्रबंधन द्वारा सामने आम पार्किंग व्यवस्था को कब्जा को टॉकिज का पार्किंग स्टैण्ड बनाकर रखा था जिसे हटाया गया। एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा द्वारा नाली के उपर रोड पर अवैध रुप से जनरेटर रखा गया था साथ ही चारों तरफ गंदगी फैलाया गया था। सड़क बाधा शुल्क के रुप में 6 हजार रुपये अर्थदण्ड लगाकर वसुली की कार्यवाही की गई। जी सेल के सामने बिना अनुमति के लगे विद्युत विज्ञापन बोर्ड को भी हटाया गया।

पावर हाउस सब्जी मण्डी के पास सार्वजनिक सायकल स्टैण्ड के सामने फल ठेला वाले अवैध रुप से ठेला लगाकर यातायात को बाधित कर रहे थे। स्टैण्ड के सामने की पुरी दुकानों से सड़क बाधा शुल्क 500–500 रुपये 11 दुकानदार विशाल सोनकर, दशरथ घृतलहरे, समीम खान, रामलाल, साहब लाल सोनकर, रविन्द्र कुमार, चंदा जायसवाल, लालबाबू सोनकर, जयसिंग सोनकर, बचरु सोनकर, रमेश चंद बैस, अर्थदण्ड वसुलकर रसीद प्रदान किया गया। सभी के ठेले और कब्जे को हटाकर पार्किंग हेतु जगह खाली करवाया गया। व्यापारियों का कहना था कि सायकल स्टैण्ड में पैसा बचाने के लिए बहुत सारे ट्रेन यात्री अपनी गाड़ियां प्रातः 5:00 बजे लेकर 9:00 बजे रात तक खड़े कर देते है, ट्रैफिक डी.एस.पी. सतीष ठाकुर ने कल सुबह से पुलिस बल तैनात करने को कहा।

कार्यवाही के दौरान एम.आई.सी. सदस्य डॉ. दीवाकर भारती से पावर हाउस मार्केट के व्यापारिक प्रतिनिधि मण्डल ने आकर कहा कि जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, चुड़ी लाईन, फल मण्डी, सब्जी मण्डी में भी सड़क पर अवैध कब्जा कर यातायात बाधित करने वालों पर कार्यवाही होनी चाहिए हम सब व्यापारी सहयोग करेंगे। फायर बिग्रेड गाड़ी घुसने का भी कहीं रास्ता नहीं है।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने निगम के अधिकारी, कर्मचारियों को कहा कि जिन स्थानों पर कार्यवाही कर व्यवस्था बनाई जा रही है वहॉ दोबारा कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। उन्होने व्यापारियों से कहा कि वे अपनी वाहनों को कतारबद्ध लगावें ताकि व्यवसायिक परिसर में व्यवस्था बनीं रहे।

जिन प्रतिष्ठानों को पूर्व में हिदायत व नोटिस दी गई है वे व्यवस्था में सहयोग करें नही तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सभी का सहयोग अपेक्षित है।

कार्यवाही में यातायात पुलिस बल से टी.आई. श्रीराम सिन्हा, उपनिरीक्षक ट्रैफिक श्रीराम सहाय राजपुत यातायात दल बल महिला आरक्षक के साथ एवं निगम भिलाई से तोड़फोड़ दल दस्ता प्रभारी प्रकाश अग्रवाल, दयाल दास साहू, भाउराव वैद्य, प्रतुल्ल श्रीवास्तव, जगमोहन वर्मा, रामायण सिंह, अजय शुक्ला, अपने दल आज की कार्यवाही में उपस्थित रहकर कार्यवाही की।

जनसम्पर्क अधिकारी